भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं० 3529

दिनांक 03.04.2017 को उत्तर दिए जाने के लिए

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत महिलाओं की भूमिका

3529. श्री प्रभात झाः

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या स्वच्छ भारत मिशन में महिलाओं की अग्रणी भूमिका सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा विशेष कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा 'स्वच्छ शक्ति 2017' नामक एक कार्यक्रम चलाया जा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)

(क) से (ख) स्वच्छता, महिलाओं के लिए प्रमुख मुद्दा है और यह उनकी निजता, गरिमा, सुरक्षा तथा आत्मसम्मान से जुड़ा है। मूलभूत स्वच्छता और सुरक्षित जल की कमी से महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर व्यापक असर पड़ता है और इससे स्कूलों में विशेषकर किशोरावस्था में युवा छात्राएँ कम संख्या में दाखिला लेती हैं और बड़ी संख्या में बालिकाएं पढ़ाई छोड़ देती हैं। स्वच्छता सुविधाओं की कमी से महिलाएं अत्यधिक अपमान और असुविधा महसूस करती हैं। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) महिलाओं की स्वच्छता संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने पर विशेष बल देता है वे कार्यक्रम की आयोजना, कार्यान्वयन तथा निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। महिलाओं ने कई पंचायतों में, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के परिवर्तन एजेंट के रूप में महत्वपूर्ण छाप छोड़ी है। उन्हें न केवल स्वच्छता सुविधाओं की मांग सृजित करने हेतु समुदायों में जागरूकता पैदा करने के लिए शामिल किया गया है बल्कि वे शौचालयों के वास्तविक निर्माण और स्वच्छता से संबंधित किफायती सामान की उपलब्धता के लिए उत्पादन केंद्रों तथा ग्रामीण स्वच्छता बाजारों में प्रबंधन कार्य भी संभाल रही हैं।

(ग) से (घ) स्वच्छ शक्ति 2017 एक कार्यक्रम नहीं है, यह स्वच्छ शक्ति सप्ताह है, जो देश भर में दिनांक 01 मार्च से 08 मार्च 2017 तक मनाया गया जिसमें उन महिला चैंपियनों को जिन्होंने ग्रामीण स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है, उन्हें सम्मानित और बधाई देने के लिए विभिन्न राज्यों और जिला स्तरीय प्रशासनों को शामिल करके विशेष आयोजन किए गए। स्वच्छता के संदेश को प्रसारित करने और महिलाओं की भूमिका को सम्मानित करने के लिए बहुत से केन्द्रीय मंत्रियों ने भी राज्य स्तरीय आयोजनों में भाग लिया। स्वच्छ शक्ति सप्ताह का प्रारम्भ दिनांक 01 मार्च को सैकड़ों महिला चैंपियनों की उपस्थिति में हरियाणा में गुरूग्राम में भारत सरकार और हरियाणा राज्य सरकार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके अतिरिक्त ग्रामीण विकास, पंचायती राज एवं पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के केन्द्रीय मंत्री ने इस शुभारंभ अवसर को संबोधित किया। सप्ताह के दौरान विभिन्न राज्यों और जिला स्तरीय प्रशासकों ने उन महिला चैंपियनों जिन्होंने ग्रामीण स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है, को सम्मानित और बधाई देने के लिए विशेष आयोजन किए। इस मंत्रालय ने गुजरात सरकार के सहयोग से महात्मा मंदिर, गांधी नगर में दिनांक 8 मार्च 2017 को स्वच्छ शक्ति 2017 नामक कार्यक्रम का आयोजन किया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर महिला चैंपियनो को संबोधित और सम्मानित किया।